धस्माना ने किया जल संस्थान के अफसरों संग प्रभावित क्षेत्र का दौरा

कांवली में जल संकट को दो महीने में दूर करने का अल्टीमेटम
जब तक स्थाई समाधान हो तब तक जल संस्थान करे टैंकर से आपूर्ति: सूर्यकांत

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। कैंट विधानसभा क्षेत्र के कांवली क्षेत्र में जल संकट से परेशान लोगों से मुलाकात करने गुरुवार को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना प्रभावित क्षेत्र में पहुंचे। धस्माना कांवली के जल संकट का संज्ञान लेते हुए जल संस्थान की मुख्य महाप्रबंधक नीलिमा गर्ग से फोन पर बातचीत कर कांवली में चल रहे जल संकट पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि एक महीने से अधिक समय पूर्व उनको शहर भर की पानी की किल्लत के बारे में बताया गया था और विशेष रूप से कांवली की समस्या से अवगत भी करवाया था, मगर वहां परेशानी दूर होने की बजाय बढ़ गई और हालात इतने खराब हैं कि बकरीद के त्यौहार में लोगों को पानी नहीं मिला। उन्होंने कहा कि वे शाम को प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेंगे और वहां मौके पर जल संस्थान के जिम्मेदार अधिकारी पहुंच कर बताएं कि किस तरह से समस्या का समाधान होगा। नीलिमा गर्ग ने धस्माना को आश्वस्त किया कि पिथुवाला के अधिशासी अभियंता अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचेंगे। शाम 5 बजे धस्माना कांवली के मनिहार मोहल्ला पहुंचें और प्रभावित परिवारों से मिले जिन्होंने बताया कि उनके क्षेत्र में पानी की दशकों पुरानी लाइन है जिस पर अब पानी नहीं के बराबर आता है। उन्होंने बताया कि मोहल्ले के अगल बगल में नई लाइन पड़ गई लेकिन उनके मोहल्ले को छोड़ दिया गया। अधिशासी अभियंता सतीश चंद्र नौटियाल ने बताया कि कांवली में पानी की सप्लाई जिस ट्यूबवेल से हो रही है उसका डिस्चार्ज गर्मियों में आधे से भी कम हो गया है जिसके कारण पूरे इलाके में पानी की सप्लाई प्रभावित हुई है। उन्होंने बताया कि द्रोण पूरी में नया ट्यूबवेल बन गया है जिसका काम दो माह में पूरा कर लिया जाएगा तब पानी का संकट समाप्त हो जाएगा। धस्माना ने अधिशासी अभियंता से पूरी कांवली में नई पाइप लाइन डालने के लिए कहा जिस पर उन्होंने बताया कि इसके लिए सर्वे किया जा रहा है और उसके तत्काल बाद इस पर भी काम किया जाएगा। पूर्व पार्षद राजेश पुंडीर, शमीम, अवधेश कुमार, सुभान अली, बुंदु सिद्दीकी, अनुज दत्त शर्मा और बड़ी संख्या में छेत्र के नागरिक इस अवसर पर उपस्थित रहे।

सड़कों की मरम्मत के लिए धनराशि स्वीकृत

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। सरदारनगर-केशोवाला-बन्नाखेड़ा-कोटाबाग-कालाढूंगी राज्य मार्ग संख्या 61 में मूसा. बंगर क्षेत्र के जंगल से गुजरने वाले

गुणवत्ता के साथ समय पर काम करें अधिकारी: भगत

सड़क मार्ग काफी जर्जर होने और जगह-जगह पर गड्ढे होने के कारण क्षेत्र के काश्तकारों को हल्द्वानी मंडी पहुंचने एवं आवाजाही में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय जनता के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक भगत से सड़क मार्ग को दुरुस्त करने के मांग की थी। जिसपर विधायक बंशीधर भगत ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की फटकार लगाते हुए हाल में बनकर तैयार हुई सड़क की दुर्दशा के लिए विभागीय उदासीन अधिकारी जिम्मेदार ठहराया जिसका खामियाजा काश्तकारों को भुगतना पड़ता है। विधायक भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि काश्तकारों की नियमित आवाजाही एवं पर्यटकों का यात्रा मार्ग होने के कारण सड़क के गड्ढे वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बने हुए थे। जिसके लिए उन्होंने शासन से वर्तमान में 4 किलोमीटर सड़क के नवीनीकरण के लिए 1 करोड़ 5 लाख 11 हजार रुपए की स्वीकृति करवाई है जिससे कालाढूंगी-कोटाबाग सड़क मार्ग को गड्ढा मुक्त करने के काम आज से शुरू हो गया है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क नवीनीकरण का काम बरसात रुकने के उपरांत ही प्रारंभ करें। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष जोगा सिंह मेहरा, महामंत्री विनोद बधानी, हरीश ढौंडियाल, प्रधान दीप चंद्र तिवारी, चंदन कपकोटी, नवीन पंत, जगदीश गोस्वामी, दिनेश त्रिपाठी, रमेश जोशी, घनानंद सगटा, वंदना, देवेंद्र बोरा, आनंद भगत, नानू मेहरा, ललित जोशी के अलावा विभागीय अधिक. ारी व स्थानीय जनता मौजूद रही।

चारा काट रही महिला की करंट लगने से मौत

हल्द्वानी। घर पर लगी कुटी पर चारा काट रही महिला को अचानक करंट लग गया। जिससे वह बुरी तरह से झुलस गई। आनन फानन में परिजनों द्वारा उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बरेली रोड स्थित मोटाहल्दू की रहने वाली 44 वर्षीय कौशल्या आज गुरुवार की सुबह करीब 7 बजे घर में ही लगी कुटी मशीन पर चारा काट रही थीं। बताया जा रहा है तभी अचानक विद्युत करंट लगने से वह झुलस गई और जमीन पर गिर पड़ीं। आनन फानन में परिजनों द्वारा महिला को उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। लेकिन वहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची मंडी चौकी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जानकारी के अनुसार महिला की तीन बेटियां और एक बेटा है। पति खीम गिरी गोस्वामी एक फैक्ट्री में नौकरी करते हैं। कौशल्या की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मेडिकल चौकी प्रभारी प्रवीण तेवतिया ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो पायेगा।

राजेन्द्र नारायण के निधन पर दुख जताया

नैनीताल। कुमाऊं विवि शिक्षक संघ ने वानिकी एवम् पर्यावरण विभाग डीएसबी परिसर की प्राध्यापिका डा. मैत्रीय नारायण के पिता राजेंद्र नारायण के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। कूटा के मुताबिक राजेंद्र नारायण लोक निर्माण विभाग में ईई के पद से रिटायर हुए। उनका हल्द्वानी में निधन हुआ। दूसरी ओर उनका अंतिम संस्कार रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट में किया गया। एलुमनी सेल के अध्यक्ष डा. बीएस कालाकोटी तथा उपाध्यक्ष डा. एसएस सामंत तथा महासचिव प्रो ललित तिवारी सहित कूटा की तरफ से अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी तथा महासचिव डा. विजय कुमार मौजूद रहे।

सूचना

मेरे पति श्री कुशला नन्द सैन्य सं0-JC-415037M Nb Sub. के सैन्य अभिलेखो में त्रुटिवश मेरा नाम नीतू देवी (NITU DEVI) अंकित हो गया है। जबकि, सही नाम नीतू देवी (NEETU DEVI) है। आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों के अनुसार भी मेरा सही नाम नीतू देवी (NEETU DEVI) है। पति श्री कुशला नन्द सैन्य सं0 JC-415037M Nb Sub. के सैन्य अभिलेखो में मेरा का नाम नीतू देवी (NITU DEVI) के स्थान पर नीतू देवी (NEETU DEVI) पढ़ा, समझा व दर्ज करना आवश्यक है।

नीतू देवी (NEETU DEVI)
पत्नी श्री कुशला नन्द, निवासी- विशाल, पोखरी, चमोली, पोखरी नागनाथ, उत्तराखंड।

डेस वितरण समारोह 12 जुलाई को

नैनीताल। लेक सिटी वेलफेयर क्लब की बैठक क्लब की अध्यक्ष ज्योति ढौंडियाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में तय किया गया कि क्लब द्वारा इस बार चमन लाल बजाज की स्मृति में डेस वितरण का आयोजन 12 जुलाई शुक्रवार को भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में आयोजित किया जाएगा। क्लब द्वारा इस बार चमन लाल बजाज की स्मृति में विद्यालय के 50 मेधावी छात्र-छात्राओं को डेस वितरित की जाएगी। मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद कल्पना सैनी होगी जबकि विशिष्ट अतिथि विधायक सरिता आर्या होंगी। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से विद्यालय के प्रांगण में शुरु होगा। बैठक में हेमा भट्ट, मीनू बुधलाकोटी, रानी शाह, अमीता शाह, सीमा सेठ, तनु सिंह, कविता त्रिपाठी, डा. प्रगति जैन, प्रेमा अधिकारी, दीपिका बिनवाल, कविता गंगोला, रेखा पंत, संगीता श्रीवास्तव, लीला राज, कंचन जोशी, विनीता पांडे, आभा शाह, गीता शाह, मंजू बिष्ट, अमिता शेरवानी, रमा भट्ट तथा रमा तिवारी मौजूद थे।

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (उत्तर), 18-ईसी0 रोड, देहरादून
दूरभाष : 2652916, कॉरपोरेट आइडेंटिटी संख्या : U40109UR2001SGC025867

पत्रांक : 2221/विविध(उ) **निविदा सूचना** दिनांक 27/06/2024

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रदत्त विद्युत कार्यों के लिए "क" श्रेणी के लाईसेन्स धारक, जी.एस.टी., ई.पी.एफ., ई.एस.आई.सी. के अन्तर्गत पंजीकृत, आयकर/पैन कार्ड धारक निविदादाताओं से मुहरबन्द निविदायें दो भागो में (प्रथम भाग में निविदा धरोहर धनराशि संबंधी घोषणा पत्र, नियम एवं शर्तें, उत्तराखण्ड विद्युत निरीक्षक द्वारा निर्गत "ए" क्लास लाईसेंस की प्रतिलिपि, जी.एस.टी., ई.पी.एफ. पंजीकरण, पैनकार्ड आदि एवं द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम छः माह तक वैध हों) दिनांक 12.07.2024 को 14.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जिसका प्रथम भाग उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओ अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख अधोहस्ताक्षरी द्वारा सार्वजनिक रूप से खोला जायेगा। प्रथम भाग के मूल्यांकन के बाद यदि आवश्यक हो प्रथम भाग में संबंधित निविदाकारों से अपूर्ण/असंलग्न प्रपत्रों को पूर्ण करने का समय देते हुये द्वितीय भाग खोले जाने हेतु अलग से संबंधित पक्षों को पत्र द्वारा सूचित कर निविदा का द्वितीय भाग खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 11.07.2024 (14:00 बजे) तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से निविदा प्रपत्र का मूल्य नगद (अप्रतिदेय) जमा कर क्रय किये जा सकते हैं। बिना निविदा धरोहर धनराशि संबंधी घोषणा पत्र के निविदा भाग-2 नहीं खोली जायेंगी। निविदा खुलने की तिथि में अवकाश होने/अधोहस्ताक्षरी के मुख्यालय से बाहर होने पर अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जाएगी। अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार होगा कि वह बिना कारण बताये समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं। विस्तृत नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र मे वर्णित हैं।

निविदा संख्या EDD (N)-09/2024-2025, Work - Maintenance Work At Swithcyard 33/11KV S/s Landour Mussoorie site under EDSD, Mussoorie की धरोहर राशि रू0 44,700.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1,000.00 G.S.T. Extra.

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड (उत्तर)

राष्ट्रहित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं. 1912, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें, विद्युत बिलों के 24x7 ऑन लाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाए। (विद्युत चोरी की सूचना हेतु कॉल करें 1800 180 4185, फैक्स नं0 0135- 2760911 पर दें)

एक नजर

पति व सास पर दहेज का मुकदमा

हल्द्वानी। पति व सास पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए एक महिला ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की माग की है। पुलिस ने मामला दर्ज की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार इंद्रानगर ठोकर निवासी अर्शी पत्नी इस्लाम ने बनभूलपुरा थाने में तहरीर सौंपते हुए कहा कि उसका इस्लाम व सास चमन आरा उर्फ छुटक्को आए दिन उसे कम दहेज लाने का ताना मारते हैं। आरोप है कि दोनों ने उससे सोने के आभूषण लाने की डिमांड रखी जिस पर उसने असमर्थता जताई तो उसके साथ मारपीट की गई। जब उसने अपने परिजनों को इस बारे में बताया और उसकी बहन और भाई उससे मिलने के लिए आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई। पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

बुंकिंग के नाम पर ई-रिक्शा हुआ चोरी

हल्द्वानी। भोलानाथ गार्डन में खड़ा ई-रिक्शा एक व्यक्ति द्वारा चुरा लिया गया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत हीरानगर पुलिस चौकी में की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मान सिंह निवासी भगवानपुर बिचला हल्द्वानी ने हीरानगर चौकी पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि वह ई-रिक्शा चलाता है। उसने बताया बीते 26 जून को वह कालाढूंगी ऑटो रिक्शा स्टैंड पर खड़े थे। तभी एक युवक वहां पहुंचा और बाजार से कुछ सामान कटघरिया ले जाने के लिए रिक्शा बुक किया। कुछ देर बाद सामान उठवाने के लिए बाजार में बुलाया। भीड़ के चलते उसने ई-रिक्शा भोलानाथ गार्डन पर खड़ा कर दिया। जब वह युवक की बताई दुकान पर पहुंचा तो वहां कोई नहीं था। जब उसने उस युवक का नंबर पर संपर्क करना चाह तो उसका फोन बंद मिला। जिसके बाद वह वापस अपने ई-रिक्शा के पास पहुंचा तो वहां से उसका ई-रिक्शा भी गायब था। इधर कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

चलती ट्रेन में महिला का मंगलसूत्र झपटा

हल्द्वनी। पैसेंजर ट्रेन में सफर कर रही एक महिला के गले से उच्चके ने मंगलसूत्र, कानू के झुमके और सोने की चेन झपट ली। महिला कुछ समझ पाती तब तक उच्चके चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। जानकारी के अनुसार वरखेड़ा बीसल. पुर पीलीभीत निवासी मुन्ना गंगवार पुत्र राकेश गंगवार ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उनकी मां अनीता देवी और उसका छोटा भाई दिव्यांस 23 जून को पीलीभीत पैसेंजर ट्रेन में टनकपुर से पीलीभीत जा रही थीं। टनकपुर स्टेशन से एक युवक उनके सामने वाली सीट पर जाकर बैठ गया।

मोहित के दोस्तों से पूछताछ

गधेरे में युवक की डूबने से मौत का मामला

नैनीताल। ज्योलीकोट के ढकियाताल में डूबने से युवक की मौत के बाद पुलिस मौत के कारणों की जांच में जुट गई है। पुलिस मामले में दुर्घटना व हत्या दोनों पहलुओं पर जांच कर रही है जिसके लिए मृतक के साथ में घूमने आए दोस्तों से पूछताछ व जांच कर रही है साथ ही दोस्तों के मोबाइलों की भी जांच की जा रही है। बता दें कि बीते मंगलवार को चार दोस्तों के साथ घूमने के लिए पहुंचा रुद्रपुर निवासी मोहित आर्या ज्योलीकोट स्थित ढकियाताल में डूब गया था। घटना के बाद चारों दोस्त मोहित को छोड़कर भाग गए थे। परिजनों के पूछने पर भी दोस्तों ने सही जानकारी नहीं दी। पुलिस पूछताछ में दोस्तो ने मोहित के डूब जाने की बात कही। जिस कारण दोस्तों पर भी पुलिस का शक बढ़ने लगा। पुलिस ने पंचनामे व पोस्टमार्टम के बाद बृहस्पतिवार को शव परिजनों को सौप दिया है। लेकिन मोहित की मौत के स्पष्ट कारणों का अभी भी पता नहीं लग पाया है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है। मामले में तल्लीताल थाने के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोहरा ने बताया कि मृतक के दोस्तो से पूछताछ की जा रही है। पीएम रिपोर्ट व जांच के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

थाना प्रभारी ने किया मौके का निरीक्षण

नैनीताल। राज्य आंदोलनकारी इंदर सिंह नेगी एवं महेश जोशी के नेतृत्व में गुरुवार को एक प्रतिनिधि मंडल तल्लीताल थाने के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने ज्योलीकोट क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के साथ ही गेठिया निवासी चंद्रकांत उर्फ इलू एवं नलेना नाले में बालक मोहित कुमार के नहाते समय डूब जाने के बाद क्षेत्र में हो रही विसंगतियों एवं आरज. कता के खिलाफ शिकायत की। प्रतिनिधिमंडल के मुताबिक वार्ता के बाद तुरंत थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा ने ज्योलीकोट क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने रुसी बाईपास बैंड के गधेरों सहित रिया एवं ज्योलीकोट, दो गांव और भुजियाघाट के नालो एवं झरनों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति महिला पुरुष झरने और नलों में नहाते पाया गया तो कार्यवाही की जाएगी।

मासूम को उठा ले गया तेंदुआ

रात 12 बजे घर के बाहर घात लगाए बैठा था तेंदुआ, घर से आधा किलोमीटर दूर जंगल में आधा शव

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। बीते बुधवार की देर रात्रि काठगोदाम निर्मला कॉन्वेंट स्कूल के सामने स्थित रेलवे पटरी की तरफ रहने वाले एक आठ साल के बच्चे को तेंदुए ने उस समय अपना निवाला बनाया जब वह रात्रि साढ़े 12 बजे अपने पिता के साथ लघुशंका करने घर के बाहर आया था। तभी घर के बाहर घात लगाए बैठा तेंदुआ बच्चे को उठाकर जंगल की ओर ले गया। चीख पुकार सुनकर लोग एकत्र हो गए।

सूचना मिलते ही काठगोदाम पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और लोगों ने पुलिस के साथ रात्रि सर्च अभियान चलाया लेकिन बच्चे का कोई पता नहीं लग पाया। सूचना पर गुरूवार की सुबह वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई और सर्च अभियान के तहत सुबह 6 बजे घर से आधा किलोमीटर दूर जंगल में बच्चे का आधा नीचला हिस्सा टीम को बरामद हुआ।

टीम ने बच्चे के आधे धड़ को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं वन विभाग की ओर से क्षेत्र में सर्च अभियान जारी है।

जानकारी के अनुसार काठगोदाम निर्मला कॉन्वेंट स्कूल के सामने स्थित रेलवे पटरी के पास रहने वाले प्रीतम अपने परिवार के साथ रहता है और महेनत मजदूरी का काम करता है। बताया जा रहा कि बीते बुधवार की रात्रि करीब साढ़े 12 बजे प्रीतम के आठ वर्षीय बेटा शिवा को टॉयलेट कराने के लिए बाहर लेकर आया। टॉयलेट कराने के बाद जैसे ही वह घर की तरफ जा रहा था तभी पीछे से घात लगाए बैठा तेंदुए ने शिवा पर झपटा और उसे उठा ले गया। पिता के सामने ही जब तेंदुआ शिवा को उठा ले गया तो पिता ने शोर मचाना शुरू कर दिया। पिता की चीखपुकार सुनकर आस-पास के लोग भी एकत्र हो गए। लोगों ने इसकी सूचना काठगोदाम पुलिस को दी और पुलिस की मदद से लोगों ने रातभर बच्चे की खोजबीन की लेकिन उसका कोई पता नहीं लगा। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। आज सुबह गुरूवार को वन विभाग की टीम ने घर से आधा किलोमीटर दूर जंगल में शिवा के नीचले हिस्से का आधा धड़ बरामद किया। शिवा का आधा धड़ मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर हाल बुरा है। बताया जा रहा कि शिवा दो बहनों में इकलौता भाई है। वन विभाग की टीम द्वारा क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया गया है, और तेंदुए की मूवमेंट पर नजर रखी जा रही है। इधर मौके पर एसडीएम परितोष वर्मा और तहसीलदार सचिन कुमार ने पहुंच घटना की जानकारी ली और साथ ही अधिकारियों को परिजनों को मुआवजा संबंधी कार्रवाई का निर्देश दिया। बताया जा रहा कि विभाग द्वारा पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायत के तौर पर 50 हजार रूपये दिए गए और कार्रवाई पूरी होने के बाद साढ़े पांच लाख रूपये उनको दे दिए जायेगे। वहीं इस क्षेत्र में बच्चे को तेंदुए द्वारा निवाला बनाए जाने के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। लोगों ने विभाग से शीघ्र ही तेंदुए को पकड़ने की मांग की है।

काठगोदाम निर्मला कॉन्वेंट स्कूल के सामने स्थित रेलवे पटरी के पास हुई घटना के बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल पर सर्च अभियान चलाया गया। घर से दूर जंगल में बच्चे का आधा धड़ मिला है। जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तेंदुए की मूवमेंट पर नजर रखने के साथ ही आस-पास के क्षेत्र में 6 कैमरे लगा दिए हैं। इसके साथ ही टीम द्वारा दिनभर व रात्रि के समय क्षेत्र में कांबिंग की जा रही है।

प्रदीप पंत, रेंजर

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
(उत्तराखंड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (दक्षिण)
18 - ई.सी. रोड, देहरादून-248001 सिन : U40109UR2001SGC025867

विद्युत बाधित सूचना

कृपया उपरोक्त विषयक संज्ञान में लाना है कि विद्युत वितरण उपखण्ड, टर्नर रोड, दे0दून के अन्तर्गत निम्नलिखित 33/11 के0वी0 उपसंस्थान ट्रांसपोर्टनगर, दे0दून से निकलने वाले 11 के0वी0 औद्योगिक फीडर की भूमिगत लाईन में फाल्ट आने के कारण लाइन क्षतिग्रस्त हो गयी है, जिसके निराकरण हेतु विद्युत आपूर्ति निम्नांकित तिथियों में पूर्ण रूप से बाधित रहेगी।

दिनांक	समय	33/11 के0वी उपसंस्थान का नाम	33 के0वी एवं 11 के0वी0 फीडर का नाम	बाधित क्षेत्र
29.06.2024 एवं 30.06.2024	प्रातः 8:00 बजे से साय 6.00 बजे तक	ट्रांसपोर्टनगर	11 के0वी0, इण्डस्ट्रीयल फीडर	सहारनपुर रोड, टाईटन रोड, गीता मन्दिर, धारावाली, मोहब्बेवाला, विण्डलास रोड, मोहब्बेवाला खालसा इत्यादि

अतः समस्त सम्मानित उपभोक्ताओं से निवेदन है कि वह इस कार्य हेतु अपनी वैकल्पिक व्यवस्था बनाये रखें एवं विद्युत विभाग को सहयोग करने की कृपा करें।

No. 299/EE(CM)/UPCL/A-2 / Dated : 27/06/2024 **अधिशासी अभियन्ता**

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं. 1912)
विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाए।
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. - 1800 180 4185/ फैक्स संख्या: 0135- 2760911 पर दें)

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
विद्युत वितरण खण्ड, ज्वालापुर, हरिद्वार मोबाईल : 9412073716

विद्युत बन्दी सूचना

खण्ड के अन्तर्गत आने वाले सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि निम्न तालिका में वर्णित तिथि व समय में 33/11 के0वी0 विद्युत उपसंस्थान, शिवालिक नगर के अन्तर्गत 33 के0वी0 व 11 के0वी0 लाईन के अनुरक्षण एवं नव निर्मित कंट्रोल रूम में स्थापित पैनलों को ऊर्जीकृत करने का कार्य व 33 के0वी0 विद्युत लाईन पी0ए0सी0 व इंद्रलोक के अनुरक्षण कार्य किया जाना प्रस्तावित है।

अतः तालिका में वर्णित क्षेत्रों से सम्बन्धित सम्मानित उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति उल्लेखित तिथि व समय पर आंशिक/पूर्ण रूप से बाधित रहेगी।

क्र0 सं0	उपसंस्थान का नाम	फीडर का नाम	दिनांक व दिन	समय	प्रभावित क्षेत्र
1.	33/11 के0वी0 उपसंस्थान, शिवालिक नगर	33/11 के0वी0 उपसंस्थान, शिवालिक नगर से निर्गत समस्त फीडर	30.06.2024/ रविवार	10:00 बजे से 18:00 बजे तक।	रामधाम, रोशनपुरी, इंडस्ट्रियल एरिया, बहादराबाद, ब्रहमपुरी, एवं उक्त उपसंस्थान से पोषित होने वाले समस्त उपभोक्ता।
2.	33/11 के0वी0 उपसंस्थान, पी0ए0सी0	33 के0वी0 विद्युत लाईन		10:00 बजे से 14:00 बजे तक।	शिवालिक नगर, गंगा नगरी, टिहरी विस्थापित एवं पी0ए0सी0
3.	33/11 के0वी0 उपसंस्थान, पी0ए0सी0	33 के0वी0 विद्युत लाईन		10:00 बजे से 14:00 बजे तक।	इन्द्रलोक, रावली महदूद, देवनगर, दक्ष एन्कलेव, महादेव पुरम एवं उपसंस्थान से पोषित समस्त क्षेत्र।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त समय में विद्युत एवं पानी की वैकल्पिक व्यवस्था अपने स्तर से करने की कृपा करें। विद्युत बन्दी के समय सम्मानित उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है।

"विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाए"

पत्रांक: 2836/वि0वि0खण्ड0/शटडाउन/ई0ई0 दिनांक: 27/06/2024 **अधिशासी अभियन्ता**

"राष्ट्र हित में विद्युत बचायें" टोल फ्री नं0 1800-419-0405

कार्यालय नगर पालिका परिषद, मसूरी

पत्रांक:-578/नि0वि0/2024-25 दिनांक :-27/06/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

एद्दत द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, मसूरी द्वारा मानसून के दौरान वर्षा होने के कारण सडकों पर मलवा व नालो की सफाई करने के लिये दो माह हेतु जे0सी0बी0/हाईड्रोलिक जीप व 12 मजदूरों की प्रति दिन आवश्यकता है। जिसके लिए अपनी दरें इच्छुक व्यक्ति / फर्म से दिनांक 06/07/2024 को सांय 3 बजे तक निविदा आंमन्त्रित की जाती है। निविदा सादे पेपर एवं लेटर पैड पर दिये जा सकते है। निविदा के साथ धरोहर राशि रू0 10,000/- की एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी ,नगर पालि. का परिषद, मसूरी के नाम प्लेज्ड हो संलग्न करनी आवश्यक है। बिना धरोहर राशि के किसी भी निविदा पर विचार नही किया जायेगा। नगर पालिका परिषद,मसूरी के पास किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, मसूरी।

OMKARA ओमकारा एसेट्स रीकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : 9, एल.पी. नगर, प्रथम स्ट्रीट, कोंगु नगर, एक्सटेंशन तिरुपुर-641607, फोन नं. 0421-2221144,
कॉर्पोरेट कार्यालय : कोहिनूर स्क्वायर, 47वीं मंजिल, एनसी केलकर मार्ग, आर.जे. गडकरी चौक, दादर पश्चिम, मुंबई-400 028, फोन नं. : 022 69231111

[परिशिष्ट - IV-A] [नियम 8 (1), 8 (6) का प्रावधान देखें]
अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

ई-नीलामी की तिथि: 17 जुलाई, 2024 और 02 अगस्त, 2024

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(1), नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित।

आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता को यह सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति (सुरक्षित परिसंपत्ति(एं)) सुरक्षित लेनदार यानी ओमकारा एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड (ओएआरपीएल) के पास बंधक/प्रभारित है, जो कि कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के तहत निगमित कंपनी है, और वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) ("SARFAESI अधिनियम, 2002") की धारा 3 के तहत एक परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी के रूप में भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के साथ विधिवत पंजीकृत है; जिसका सीआईएन नंबर U67100TZ2014PTC020363 है और इसका पंजीकृत कार्यालय 9, एम.पी नगर, पहली स्ट्रीट, कोंगु नगर एक्सटेंशन, तिरुपुर - 641607 और कॉर्पोरेट कार्यालय कोहिनूर स्क्वायर, 47वीं मंजिल, एन.सी. केलकर मार्ग, आर.जे. गडकरी चौक, दादर (पश्चिम), मुंबई - 400028 में है, जो ओमकारा पीएस-26/2021-22 ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में कार्य कर रहा है। इसने दिनांक 30-09-2021 के असाइनमेंट समझौते के माध्यम से वित्तीय परिसंपत्ति के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 5 के तहत पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, (पीएचएफएल) (जिसे पहले मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) से अंतर्निहित प्रतिभूतियों के साथ उधारकर्ता(ओं)/सह-उधारकर्ता(ओं)/बंधककर्ता(ओं) के संपूर्ण बकाया के सभी अधिकार, शीर्षक और हित हासिल कर लिए हैं।

इसके अलावा, जिला मजिस्ट्रेट, हरिद्वार द्वारा पारित आदेश संख्या 98/2023 दिनांक 17/08/2023 (सुनील कुमार के मामले में) के अनुसार, सुरक्षित ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी ने सुरक्षित परिसंपत्तियों का भौतिक कब्जा ले लिया है और उक्त परिसंपत्तियों को नीचे उल्लिखित तिथि पर "जहां है, जैसा है", "जो है, जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा, ताकि नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता से सुरक्षित ऋणदाता को देय नीचे उल्लिखित बकाया राशि की वसूली की जा सके। आरक्षित मूल्य, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और अन्य विवरण नीचे दिए गए हैं।

| उधारकर्ता और सह-उधारकर्ता का नाम | अचल संपत्ति का विवरण | बकाया राशि रु